दैनिक भास्कर

# नकली सीमेंट फैक्ट्री:मारा छापा; थाने से 200 मीटर दूर एक साल से बन रही थी नकली सीमेंट, 400 बोरी जब्त




फैक्ट्री में छापे के दौरान खड़े अधिकारी

- ब्रांडेड सीमेंट की बोरी बनाकर करते थे पैकिंग

पंवासा थाने से बमुश्किल 200 मीटर की दूरी पर टीन शेड में नकली सीमेंट फैक्ट्री चल रही थी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुरुवार को जब एडीएम और एसडीएम ने सीमेंट कंपनी के अधिकारियो के साथ छापा मारा तो हड़कंप मच गया। मौके से सैकड़ों बोरी नकली सीमेंट और रॉ मटेरियल बरामद हुआ। फैक्ट्री संचालक फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी ने बताया कि देश के एक नामी समूह की सीमेंट ब्रांड के नकली उत्पाद बनाए जाने की शिकायत कलेक्टर आशीष सिंह से की गई थी। दिल्ली से आए कंपनी के अधिकारी कमल सिंह और हरजीत सिंह ने शिकायत की थी कि उनके एजेंटों से पता चला है कि उनकी कंपनी के नाम से नकली सीमेंट बाजार में बेची जा रही है। जिससे कंपनी की साख पर असर पड़ रहा है। बाजार में उनकी कंपनी के सीमेंट की मांग लगातार गिरती जा रही है। कंपनी ने अपने सूत्रों से पड़ताल की तो पता चला कि पंवासा क्षेत्र में कंपनी के ब्रांड की नकली सीमेंट बन रही है।

शिकायत को कलेक्टर आशीष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को एडीएम नरेंद्र सूर्यवंशी और एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी के साथ अन्य अधिकारियों को मौके पर भेजा। वहां पर काम करते हुए मजदूर मिले। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री को पंवासा का ही जितेंद्र नाम का शख्स चलाता है। फिलहाल, अधिकारियों को जितेंद्र नहीं मिला। प्रशासन ने नकली सीमेंट फैक्ट्री को सील कर दिया है। उधर, एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि नकली सीमेंट फैक्ट्री के संचालन में यदि किसी पुलिसकर्मी की मिलीभगत का पता चलेगा तो उसके खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाएगा।

### 3 से 4 रुपये कम दाम में बेची जा रही थी सीमेंट

कंपनी के अधिकारियों ने भी बताया कि उनके ब्रांड की बोरी और मौके से मिली बोरियों में अंतर है। बाजार में नकली ब्रांड की सीमेंट को 3 से 4 रुपए कम दाम पर बेचा जा रहा था।

### 4000 बोरी रॉ मटेरियल और 400 बोरी नकली सीमेंट मिली

छापे में अधिकारियों को मौके से कंपनी की ब्रांड छपी 400 बोरी तैयार सीमेंट मिली। इसके अलावा 4000 बोरी में रॉ मटेरियल (जमी सीमेंट) भी बरामद हुई है। एक मजदूर की निशानदेही से पास में ही एक निर्माणाधीन मकान से 95 बोरी सीमेंट भी जब्त की गई।

### कॉपीराइट एक्ट के तहत होगा मुकदमा

एसडीएम ने बताया कि फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी नागझिरी उद्योग पुरी इलाके में एक नकली सीमेंट फैक्ट्री पकड़ी जा चुकी है।

Source : https://www.bhaskar.com/local/mp/ujjain/news/the-fake-cement-factory-was-running-right-next-to-the-police-station-hundreds-of-sacks-of-cement-were-found-when-it-was-raided-127974892.html